प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा–जीएसटी के लाभों के हस्तांतरण पर वे व्यक्तिगत रूप से निगरानी रखेंगीं
- आपदा राहत मंत्री किरोडी लाल मीणा ने 33 प्रतिशत से अधिक फसल खराबे पर किसानों को मुआवजा देने की बात कहीं
- बाडमेर, बालोतरा जालोर और सिरोही में आज भारी बरसात का रेड अलर्ट–चार जिलों में ऑरेंज और 13 जिलों में येलो अलर्ट जारीं
- अजमेर में लेपर्ड सफारी शुरू की जायेगी–गंगाभैरव घाटी में ट्रेक विकसित किया जा रहा हैं

.............................................

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा है कि वह नागरिकों तक जीएसटी के लाभों के हस्तांतरण पर व्यक्तिगत रूप से नज़र रखेंगीं एक मीडिया चैनल को दिए साक्षात्कार में, वित्त मंत्री ने कहा कि देश भर के लोगों ने जीएसटी सुधारों को स्वागत योग्य कदम बताया हैं उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अगर उन्हें लाभ नहीं मिल रहा है तो वे इसकी सूचना दें उन्होंने आगे कहा कि कई उद्योग जगत के दिग्गजों ने पहले ही लाभ पहुंचाने का वादा किया हैं

.............................................

केन्द्र सरकार ने कहा है कि वस्तु और सेवाकर–जीएसटी में व्यापक सुधार से सहकारी क्षेत्र मज़बूत होगां उत्पाद प्रतिस्पर्धी बनेंगें इसके साथ ही उत्पादों की माँग बढ़ेगी और सहकारी समितियों की आय में भी बढोतरी होगीं सहकारिता मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी सुधार से ग्रामीण उद्यमिता और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सहकारी समितियों को प्रोत्साहन मिलेगां लाखों परिवारों के लिए आवश्यक वस्तुओं तक किफ़ायती पहुंच सुनिश्चित होगीं मंत्रालय ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से देश के 10 करोड़ से अधिक डेयरी किसानों को लाभ होगां डेयरी क्षेत्र में, किसानों और उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई हैं सभी प्रकार के दूध और पनीर को जीएसटी से छूट दी गई हैं मक्खन, घी और इसी तरह के उत्पादों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से पांच प्रतिशत कर दिया गया हैं लोहा, स्टील या एल्युमीनियम से बने दूध के डिब्बों पर भी जीएसटी 12 प्रतिशत से पांच प्रतिशत कर दिया गया हैं केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जीएसटी की नई दरों और स्लैब का कृषि क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगां एक संवाददाता सम्मेलन में कृषि मंत्री ने बताया कि इन बदलावों से विशेष रूप से छोटे और मध्यम किसानों को लाभ होगां उन्होंने कहा कि कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों में कमी से खेती की लागत कम होगी और किसानों का लाभ बढ़ेगां श्री चौहान ने कहा कि जैव–कीटनाशकों और सूक्ष्म पोषक तत्वों पर भी जीएसटी कम कर दिया गया हैं इससे किसानों, पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों को भी बड़ी राहत मिलेगीं

.............................................

केंद्रीय कृषि मंत्री ने ग्रामीण महिलाओं, विशेष रूप से हस्तशिल्प, चमड़े के सामान और डेयरी उत्पादों के क्षेत्र में काम करने वाली स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर भी प्रकाश डालां

.............................................

राज्य में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में प्रभारी मंत्रियों और सचिवों के दौरे लगातार जारी हैं इसके जरिये भारी बारिश से हुए नुकसान की समीक्षा की जा रही हैं इसी कड़ी में आपदा राहत मंत्री किरोडी लाल मीणा कल बारां जिले के प्रवास पर रहें पत्रकारों से बातचीत में श्री मीणा ने कहा कि जिले में भारी बरसात से फसलो को काफी नुकसान हुआ हैं जल्द ही सर्वे करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिया जायेगां

.....

बारां जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी कल देर रात बारां पंहुचें वे आज सचिवालय में अधिकारियों के साथ फसल खराबे को लेकर समीक्षा बैठक करेंगें वहीं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कल पाली का दौरा कियां उन्होंने सुमेरपुर इलाके में रूपावास गुलाबपुरा और गिरादडा सहित अन्य गांवों में किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं करौली जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम और चूरू जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने भी जिले का दौरा कर वर्षाजनित स्थिति की समीक्षा कीं इसी कडी में उप मुख्यमंत्री और भीलवाडा जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा आज भीलवाडा जिले के प्रवास पर रहेंगें जैसलमेर में जिला प्रभारी सचिव महेन्द्र सोनी ने अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की उन्होंने अधिकारियों से लोगों को समय पर राहत पंहुचाने के निर्देश दिएं कोटपूतली–बहरोड़ प्रभारी सचिव अनिल अग्रवाल ने भी विराटनगर क्षेत्र में फसल खराबे का निरीक्षण कर राहत के लिए किये जा रहे इन्तजामों का जायजा लियां

..............................................

राज्य में व्यापक वर्षा से कई जगह हालात विकट हो गए हैं जलस्त्रोतों में 87 प्रतिशत से अधिक पानी की आवक हो चुकी हैं नदी बांध और तालाब ओवर फ्लो होने और तेज बरसात से कई जगह जल भराव की स्थिति बनी हुई हैं मौसम विभाग ने आज भी अधिकतर स्थानों पर बारिश की संभावना जतायी हैं बाडमेर, बालोतरा, जालोर और सिरोही के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट बताया हैं वहीं पाली, जोधपुर, जैसलमेर, उदयपुर और राजसमंद के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया हैं इसके अलावा 13 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट हैं अगले दो दिन जोधपुर संभाग और आस–पास के जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती हैं इस बीच भरतपुर में बीती रात मुसलाधार बारिश हुई प्रशासन की ओर से पानी की निकासी के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं जालोर के आहोर, सायला, भीनमाल, रानीवाडा सहित कई जगह रातभर तेज हवा के साथ रूक–रूक कर बरसात होती रहीं डूंगरपुर में पिछले तीन दिनों से रूक–रूक कर बरसात का दौर जारी हैं जिले के बोडीगामा, कुंजपुर, मारगिया, टामटिया, अमरपुरा और मेवाडा बांध सहित कई बांध और तालाब ओवरफ्लो हैं सबसे बडे सोमकमला अम्बा बांध के तीन गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही हैं बांसवाडा के माही बजाज सागर डेम के भी चार गेट खोलकर पानी छोडा जा रहा हैं वहीं कागदी पिकअप डेम के पांच गेट खोल दिये गये हैं पाली के सादडी और आसपास के क्षेत्र झमाझम बारिश से जलमग्न हो गए हैं राजपुरा बांध के अधिक भराव से सुकडी नदी और नलवाणियां बांध में चादर चल रही हैं जवाई बांध के 6 गेटों से पानी छोडा जा रहा हैं सिरोही के पिनवाडा में भी नदी नाले उफान पर हैं मध्यप्रदेश के गांधी सागर डेम का जलस्तर लगातार बढ रहा है और इसका पानी चम्बल नदी में पंहुच रहा हैं हमारे कोटा संवाददाता ने बताया कि इसे देखते हुए दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही हैं

..............................................

अजमेर में भी लेपर्ड सफारी शुरू की जायेगीं इसके लिए शहर के काजीपुरा खरेखडी अजयसर और आसपास के गांवों में फैली गंगा भैरव घाटी को विकसित किया जायेगां सैलानी इस घाटी में ट्रेकिंग के साथ ही अन्य मनोरम स्थलों का आंनद ले सकेंगें विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल घाटी में बनने जा रहे सफारी ट्रेक और रूट का निरीक्षण कियां उन्होंने कहा कि भैरव घाटी में लैपर्ड सफारी बनने से अजमेर को नये पर्यावरणीय पर्यटन स्थल के रूप में पहचान मिलेगीं

..............................................